PlanetRead
Literacy for a Billion

Movie: Ek Duje Ke Liye
Year: 1981

Song: Solah Baras Ki Bali Umar
Lyricist: Anand Bakshi

हूँ ... आ ...
आ ...

सोलह बरस की
सोलह बरस की
बाली उमर को सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम
सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम

दुनिया में सबसे पहले
जिसने ये दिल दिया
दुनिया के सबसे पहले
दिलबर को सलाम
दिल से निकलने वाले
रस्ते का शुक्रिया
दिल तक पहुँचने वाली
डगर को सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम
सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम

आ ...

जिसमें जवान होकर
बदनाम हम हुए
जिसमें जवान होकर
बदनाम हम हुए
उस शहर उस गली
उस घर को सलाम
जिसने हमें मिलाया
जिसने जुदा किया
उस वक़्त उस घड़ी
उस गजर को सलाम

ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम
सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम

मिलते रहे यहाँ हम
ये है यहाँ लिखा
इस लिखावट की
ज़ेरोज़बर को सलाम
साहिल की रेत पर यूँ
लहरा उठा ये दिल
सागर में उठने वाली
हर लहर को सलाम
इन मस्त गहरी गहरी
आँखों की झील में
जिसने हमें डुबोया
उस भँवर को सलाम
घूँघट को तोड़कर जो

सर से सरक गई
ऐसी निगोड़ी
धानी चुनर को सलाम
उल्फ़त के दुश्मनों ने
उल्फ़त के दुश्मनों ने
कोशिश हज़ार की
फिर भी नहीं झुकी जो
उस नज़र को सलाम
ए प्यार तेरी

पहली नज़र को सलाम
सोलह बरस की
बाली उमर को सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम
सलाम
ए प्यार तेरी
पहली नज़र को सलाम

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.